## झारखण्ड सरकार
## जल संसाधन विभाग

संoसंo–8 / जoसंo(निo) राँची–03–07 / 2017 ............. / राँची, दिनांक– ..........

## संकल्प

चूँकि झारखण्ड राज्यपाल को यह विश्वास करने का कारण है कि श्री अरूण कुमार (ID-3239), ने जबकि वे गुण–नियंत्रण प्रमण्डल, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर में कार्यपालक अभियंता (चालू प्रभार) के पद पर पदस्थापित थे, घोर अनियमितता, कदाचार, अनुशासनहीनता बरती है, जैसा कि अनुबंध में अन्तर्विष्ट आरोपों में उल्लेखित है।

अतएव झारखण्ड राज्यपाल ने यह संकल्प लिया है कि उक्त श्री अरूण कुमार, कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध विनिर्दिष्ट आरोपों के लिए झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2016 के नियम–16 एवं 17 के अन्तर्गत विहित नीति से कार्यवाही की जाय।

2. श्री अरूण कुमार, कार्यपालक अभियंता से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बचाव के संबंध में लिखित बयान श्री ददन चौबे, विभागीय जाँच पदाधिकारी के समक्ष इस संकल्प प्राप्ति के दो सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करें, जिन्हें इसके द्वारा इस कार्यवाही के संचालन के लिए जाँच पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

3. उक्त विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी को सहयोग करने के लिए श्री विश्वनाथ प्रसाद ताँती, अवर सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, राँची को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

4. प्रस्ताव पर मुख्य सचिव के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री की सहमति प्राप्त कर ली गयी है।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि वे संकल्प की एक प्रति अनुबंध के साथ श्री ददन चौबे, (सेoनिoझाoप्रoसेo) विभागीय जाँच पदाधिकारी, झारखण्ड, टाऊन एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग, एचoईoसीo, गोलचक्कर, धुवा, राँची / श्री विश्वनाथ प्रसाद ताँती, अवर सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, राँची / श्री अरूण कुमार, (ID-3239) कार्यपालक अभियंता, (चालू प्रभार) नहर एवं नहर संरचना रूपांकण प्रमण्डल संo–1, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

हo / –

(रमेश कुमार दूबे)
सरकार के विशेष सचिव
जल संसाधन विभाग।

D:\MINZ\Letter\Sankalp\08_J.S (N)-Ranchi_03_07_2017 (Arun Kumar).docx 1

ज्ञापांक –........................................................../राँची, दिनांक– ..............................

प्रतिलिपि : अनुबंध की प्रति के साथ श्री ददन चौबे, (से०नि०झा०प्र०से०) टी०ए०, बिल्डिंग, गोलचक्कर, धुर्वा, राँची/ श्री विश्वनाथ प्रसाद ताँती, अवर सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, राँची/श्री अरूण कुमार, (ID-3239) कार्यपालक अभियंता, (चालू प्रभार) नहर एवं नहर संरचना रूपांकण प्रमण्डल सं०–01, जल संसाधन विभाग, राँची को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2– जाँच पदाधिकारी से अनुरोध है कि इस कार्यवाही का निष्पादन अधिक से अधिक दो माह के अन्दर सम्पन्न कर अपना जाँच प्रतिवेदन तीन प्रतियों में सरकार को समर्पित करेगें साथ ही साथ कार्यवाही की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते रहेगें एवं कार्यवाही अभिलेख की एक प्रति भी भेजा जाय।

3– प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी कृपया जाँच पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर उनका निदेश प्राप्त करें।

4– आरोपित पदाधिकारी यदि इस संबंध में कोई अभिलेख/कागजात देखना चाहते हैं तो अद्योहस्ताक्षरी एवं क्षेत्रीय कार्यालयों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर देख लें और हर स्थिति में अपना लिखित बयान निर्धारित अवधि के अन्दर कर दें अन्यथा विलम्ब की सारी जिम्मेवारी उनकी होगी।

**अनु०–यथोक्त।**

ह०/–
(रमेश कुमार दूबे)
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक – 2436 /राँची, दिनांक– 04/06/18

प्रतिलिपि : उप सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, राँची/वेब मैनेजर, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(रमेश कुमार दूबे)
सरकार के विशेष सचिव

D:\MINZ\Letter\Sankalp\08_J.S (N)-Ranchi_03_07_2017 (Arun Kumar).docx 2